तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 जुलाई 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 खल्लारी विधायक के प्रयासों से नवीन...

12 सर्वधर्म समभाव का उद्देश्य लेकर नपाध्यक्ष...


## खबर संक्षेप

### हादसे में युवक की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 8 अप्रैल 2024 को रोहन चौहान पिता राधेश्याम (25) निवासी ग्राम जम्हारी सड़क हादसे में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए ओम अस्पताल रायपुर ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### फांसी लगाकर दे दी जान

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर में नाबालिग युवती ने फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 3 जुलाई को सुबह करीब 6 बजे दामिनी खड़िया (16) निवासी बरबसपुर ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना जेठूराम खड़िया ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

**प्रदर्शन : शासकीय प्राथमिक शाला तेंदूवाही में शिक्षक की मांग को लेकर तालाबंदी, विभागीय अफसर पहुंचे**

# शिक्षक मांगने स्कूल में जड़ा ताला, आदेश के बाद खोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूल खुलने के साथ ही स्कूलों में

- स्कूलों में शिक्षकों की मांग व शिकायत का सिलसिला शुरू

शिक्षकों की कमी, स्कूलों में व्याप्त अव्यवस्था और भवन को लेकर शिकायत और मांगों का सिलसिला जोर पकड़ने लगा है। आज शासकीय प्राथमिक शाला तेंदूवाही में शिक्षक की मांग को लेकर अध्ययनरत बच्चों और उनके पालकों ने स्कूल में ताला जड़ दिया, बाद सहायक शिक्षा अधिकारी के पहुँचने के करीब 4 घंटे बाद एक शिक्षक के कार्यभार ग्रहण करने आदेश के बाद ताला खोला।

बता दें कि तमाम अव्यवस्था के बीच हर साल नया शिक्षण सत्र प्रारंभ होता है और इसके साथ ही स्कूलों में शिक्षक की कमी, स्कूलों में व्याप्त अव्यवस्था और जर्जर भवनों को लेकर मांग और शिकायतें भी सामने आने लगती है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। बावजूद भी शिक्षा विभाग स्कूल खुलने से पूर्व पूरी तैयारी नहीं कर पाता है। इस साल नया शिक्षण सत्र 26 जुलाई से शुरू हुआ और पखवाड़ेभर के भीतर ही स्कूल में शिक्षक कमी को लेकर शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों और पालकों ने तालाबंदी कर जमकर नारेबाजी की। प्राथमिक शाला में अध्ययनरत बच्चों के पालक पुनीत बंजारे, महेन्द्र बांधे, आकाश बांधे, छन्नू साहू, खेमराज यादव ने बताया कि प्राथमिक शाला में 60 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और इन्हें पढ़ाने के लिए एकमात्र शिक्षक ओमप्रकाश साहू पदस्थ हैं जो पिछले डेढ़ साल से अकेले ही इन बच्चों को पढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले सत्र में डीईओ और कलेक्टर को स्कूल में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए आवेदन दिया गया था। पहले यहाँ तीन शिक्षक नियुक्त थे जिनमें से बीच सत्र में ही दो शिक्षकों का ट्रांसफॉर्मर कर दिया गया। जब मांग की गई तो तत्कालीन व्यवस्था के नाम पर एक शिक्षक भेजा गया, वह भी कुछ महीने में यहां से दूसरे स्कूल भेज दिया गया। तब से आज तक स्कूल एक ही शिक्षक के भरोसे चल रहा है।

### लिखित के बाद माने पालक

स्कूल में तालाबंदी की सूचना के बाद सहायक शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र ध्रुव मौके पर पहुंचे और पालकों को आश्वासन दिया कि जल्द ही शिक्षक की व्यवस्था कर दी जाएगी,पर पालक तत्काल शिक्षक व्यवस्था के लिए लिखित आदेश की मांग करते रहे। काफी देर बाद श्री ध्रुव ने मोहकम प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक होरीलाल ध्रुव को प्राथमिक शाला तेन्दूवाही में कार्यभार ग्रहण करने का आदेश जारी किया। तब जाकर पालकों ने स्कूल का ताला खोला।



### जिले में 286 स्कूल एक शिक्षक के भरोसे

जानकारी के अनुसार जिले में कुल 1278 प्राथमिक और 493 मिडिल स्कूल हैं। जिनमें से 286 ऐसे स्कूल हैं जो केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इन स्कूलों में 281 प्राथमिक और 5 मिडिल स्कूल शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकार मोहन सावंत ने कहा है कि तेंदवाही प्राथमिक शाला में शिक्षक की कमी को लेकर पालकों और अध्ययनरत बच्चों द्वारा जैसे ही तालाबंदी की सूचना मिली ब्लाक शिक्षा अधिकारी को भेजा गया। एक शिक्षक की व्यवस्था कर दी गई है। जिले में एक शिक्षकीय स्कूलों की सूची तैयार कर ली गई है। इस समस्या को जल्द दूर कर लिया जाएगा।

## महिला से गाली गलौज एवं जिंदा जला देने की धमकी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ऑनलाइन सट्टा के पैसों की बात को लेकर एक महिला से गाली गलौज और जिंदा जला देने की धमकी की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। वार्ड नंबर 7 नयापारा महासमुंद निवासी हीरा ध्रुव ने पुलिस को बताया कि वह किराना दुकान चलाती है। 20 मई को वह अपने घर में थी, रात करीब 11 बजे रघुवीर सिंह चांवला उर्फ मन्नू चांवला निवासी स्टेशन रोड घर के सामने आकर ऑनलाइन व्हाट्सअप के माध्यम से सट्टा चालू करो और सट्टा के पैसे 3,00,000 रुपए का हिसाब दो कहा। मेरे द्वारा मना करने पर गाली गलौज कर, सट्टा चालू नहीं करोगी तो जिंदा जला दूंगा कहकर जान से मारने की धमकी दिया और चला गया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी रघुवीर सिंह चांवला के खिलाफ 294, 506 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# पुस्तक का प्रचार-प्रसार करने गए लोगों के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आध्यात्मिक पुस्तक का प्रचार-प्रसार करने कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम बैगा खम्हरिया (साल्हेभांठा) गए दो लोगों के साथ मारपीट की घटना के मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

कोमाखान पुलिस को प्रार्थी रघुनाथ राव सिंधिया पिता शंकर राव सिंधिया (47 साल) निवासी फुलवारी थाना बागबाहरा ने बताया कि मेरे अलावा मेरे साथी चंदन सोनवानी पिता गुरुराम सोनवानी ग्राम भदरसी बागबाहरा एवं राजकुमार बरिहा पिता सुखराम बरिहा ग्राम घुंचापाली (बागबाहरा) कबीर पंथी एवं संत रामपाल महाराज के अनुयायी हैं। उनके द्वारा सभी धर्मों के पवित्र शास्त्रों वेद, पुराण और सभी सद्ग्रंथों का गहन अध्ययन करके शास्त्र प्रमाणित पुस्तकें मानव कल्याण एवं समाज सुधार के लिये लिखी गई हैं। जिसके प्रचार-प्रसार के लिए हम सभी 30 जून, 2024 रविवार को शाम 4 बजे ग्राम बैगा खम्हरिया (साल्हेभांठा) गए हुए थे और 10 रु, 20 रु सेवा राशि लेकर पुस्तक का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। पुस्तक प्रचार-प्रसार के दौरान एक व्यक्ति एवं उनके



एक और साथी ग्राम बैगा खम्हरिया का जिसका नाम देव, मां का नाम संतोषी एवं उनके साथी ने संत रामपाल की लिखी पुस्तक के ज्ञान को गलत बताकर बहस करते हुए मेरे साथ एवं मेरे साथी चंदन लाल सोनवानी के साथ मारपीट किया। इस दौरान मेरे साथी राजकुमार बरिहा द्वारा बीचबचाव किया गया। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि हमारे द्वारा उक्त पुस्तक में लिखी गई अध्यात्मिक ज्ञान को लोगों को बताया जा रहा था, उसी दौरान देव एवं उसका साथी द्वारा हम लोगों के साथ अनावश्यक रूप से विवाद एवं मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये कहा कि अगर कहीं पुस्तक का प्रचार-प्रसार करते दिखे तो तुम्हारे टुकड़े-टुकड़े कर देगें, ऐसा बोलकर अपने हाथ में पहने अंगूठी और चूड़ा से मारपीट किया। जिससे मेरे चेहरे पर चोट लगी है। पुलिस ने मामले में आरोपी देव एवं उसके साथी के खिलाफ धारा 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969



## खबर संक्षेप



### बस्ती स्कूल में न्यौता भोज का आयोजन

**सरायपाली।** शासकीय प्राथमिक शाला बस्ती सरायपाली में दिलीप नायक एवं सुलोचना नायक व्याख्याता शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कन्या सरायपाली द्वारा बच्चों को न्यौता भोज दिया गया। शासकीय प्राथमिक शाला बस्ती सरायपाली में न्यौता भोज कार्यक्रम में विशेषकर कन्या सरायपाली संकुल के प्राचार्य जेके बुडेक, संकुल समन्वयक श्रवण कुमार प्रधान, वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद सुरेश भोई, प्रधान पाठक किरण नेताम, शिक्षक कमलेश निराला और राजेश प्रधान उपस्थित रहे। शासकीय प्राथमिक शाला बस्ती सरायपाली के समस्त छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने दिलीप नायक एवं सुलोचना नायक का आभार प्रकट किया।



### उमरदा स्कूल में सेवानवृत्ति पर प्रधान पाठक को दी गई विदाई

**महासमुंद।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला उमरदा में पदस्थ प्रधान पाठक यादराम साहू के अर्धवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन संकुल केंद्र उमरदा में रखा गया। संकुल केंद्र उमरदा के समस्त शिक्षक, सरपंच तथा बच्चों के गरिमामय उपस्थिति में यादराम साहू को शाल, श्रीफल एवं अन्य उपहार द्वारा उन्हें विदाई दी गई। बच्चों ने कलम व श्रीफल भेंट कर उनका अभिवादन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत उमरदा सरपंच जयसुधा चंद्राकर ने साहू के 42 वर्ष की सेवा देने पर हर्ष जताते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर सरपंच जय सुधा चंद्राकर ग्राम पंचायत उमरदा, हेमंत चंद्राकर, संकुल प्रभारी पूनम चंद्राकर, संकुल समन्वयक अनिल ढीढी, शाला प्रमुख सुरेंद्र अग्निहोत्री, नेमीचंद अग्रवाल, हरीराम साहू, बहुर सिंह साहू, धर्मराज चंद्राकर, शिक्षक भुनेश्वर साहू, चंद्रशेखर चंद्राकर, डामेश्वर तारक, प्राथमिक प्रधान पाठक नीलू चंद्राकर, सरस्वा चंद्राकर, अंगद पटेल, चित्ररेखा साहू, उषा साहू, गीता यादव, शोभा गुप्ता, सोनी चंद्राकर, चंद्रकला साहू, पंकज साहू एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता दिनेश चंद्राकर ने किया।

# खल्लारी विधायक के प्रयासों से नवीन तहसील कोमाखान दूधिया रोशनी में नहाने को तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

महासमुंद जिले के खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित तहसील ग्राम कोमाखान की सड़कें पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों के चलते जगमगाने के लिए तैयार हो चुकी है। जिसका निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को विधायक यादव सहित क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पदाधिकारी गण कोमाखान पहुंचे। जहां विधायक यादव ने



कोमाखान के मुख्य मार्ग को दूधिया रौशनी में प्रकाशित करने वाले स्ट्रीट लाइट कार्य का निरीक्षण किया तथा ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कोमाखान स्थित ढाई सौ वर्षों से अधिक प्राचीन भगवान जगन्नाथ की प्रसिद्ध रथ यात्रा 2 दिन बाद है। जिसके लिए विधायक यादव ने स्ट्रीट लाइट का कार्य कर रहे ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि स्ट्रीट लाइट का काम तुरंत पूरा कीजिए, क्योंकि इस बार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा इस नवनिर्मित स्ट्रीट लाइट के प्रकाश में निकलेगी। अब ग्राम पंचायत कोमाखान भी नगर पालिका परिषद बागबाहरा की तरह ही जगमगाएगा।

### कोमाखान को तहसील, भवन कॉलेज और आत्मानंद विद्यालय की सौगात

ज्ञात हो कि वर्तमान खल्लारी विधायक व पूर्व संसदीयसचिव द्वारकाधीश यादव ने अपने पूर्व के कार्यकाल में कोमाखान को ऐसी सौगातें दी थी, जिसका इंतजार क्षेत्र की जनता आजादी के बाद से कर रही थी। कोमाखान में जहां कॉलेज की आवश्यकता थी। वहीं 80 से अधिक गांव के केंद्र बिंदु कोमाखान में तहसील भवन भी आवश्यक था। जिसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान प्रमुखता से रखी थी। और तत्काल स्वीकृति प्राप्त की थी। विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों के चलते आज कोमाखान में नवीन तहसील, नवीन महाविद्यालय तथा अंग्रेजी माध्यम स्कूल, नवीन बैंक भवन, विश्रामगृह की सुविधा उपलब्ध है। इसी क्रम में विधायक यादव के ही भागीरथ प्रयासों के चलते ग्राम कोमाखान का मुख्य मार्ग दूधिया रोशनी से जगमगाने के लिए तैयार हो चुका है। जिसके लिए क्षेत्र की जनता ने अपने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित भी किया। निरीक्षण के दौरान विधायक यादव के साथ-साथ शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, कोमाखान कमेटी अध्यक्ष संतोष पटेल, शहजान पाशा दुर्गेश यादव, नरेंद्र जैन गोलू जैन, राधेश्याम यादव, हरिशंकर यादव, प्रदीप यादव, राहुल यादव, तूफान दीवान, एडिशन ठाकुर, दैवज्ञ चंद्राकर, उमेश यादव, शाहिद आदि मौजूद रहे।

# भंवरपुर के अटल चौक की जमीन को बचाने एकजुट हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

बसना विकासखंड अंतर्गत उपतहसील मुख्यालय भंवरपुर के अटल चौक स्थित खसरा नंबर-834, रकबा-0:10 हेक्टेयर भूमि अब विवादों के घेरे में पड़ गया है। ग्रामीणों की माने तो आज से लगभग 50 वर्ष पहले सन 1971 -72 में सरायपाली के मोतिया सेठ द्वारा भंवरपुर में देशी शराब दुकान चलाने उक्त भूमि को एक वर्ष के लिए भंवरपुर के तात्कालीन पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रमुखों की रायशुमारी से लीज पर लिया था। उस समय शराब के व्यापार में मुनाफा देखकर लीज के समय सीमा को आगे बढ़ाया गया। एक लंबे अंतराल तक उस स्थान में व्यापार करते हुए कूटरचना से उक्त भूमि को मोतिया सेठ ने अपने नाम से पट्टा बना लिया है। गांव वालों को पता चलने पर सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा होकर इसका विरोध करते भंवरपुर मंडी प्रांगण में सबकी राय ली गई है। जिस पर गांव वालों का साफ कहना है कि यह भूमि संपूर्ण भंवरपुरवासियों का है, जहां भंवरपुर के रचनात्मक कार्यों के लिए उपयोग में लगना चाहिए। बैठक के दौरान



ग्रामीणों द्वारा भंवरपुर अटल चौक स्थित खसरा नं. -834 रकबा -0.10 हे. एवं खसरा नं.- 822 रकबा- 0:06 हेक्टेयर की सार्वजनिक हित की पंचायती भूमि में शासन प्रशासन से मिलकर सरायपाली निवासी मोतिया अग्रवाल ने अपने नाम से काबिज कर उसे अपने वारिसानों के नाम से ऋण-पुस्तिका बनवाया गया है। जिसकी जानकारी होने पर सभी ग्रामवासी एकत्रित हुए और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एक ग्राम विकास समिति भंवरपुर का निर्माण किया गया। जिनके देख-रेख में सड़क से लेकर न्यायालय तक ग्राम की हित के लिए लड़ाई लड़ने की तैयारी की गई। विदित हो कि इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम भंवरपुर के उक्त भूमि को मोतिया अग्रवाल द्वारा अपने वारिशान विजयलक्ष्मी अग्रवाल के नाम पर पट्टा बनवाकर बिक्री करने की तैयारी की जा रही है, जिसके विरोध में शासन प्रशासन में इसकी शिकायत की जा चुकी है। लेकिन, अब हम ग्रामीणों द्वारा सड़क से लेकर न्यायालय तक की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया है। ग्राम विकास समिति भंवरपुर बनाया गया। इसमें पदाधिकारी लीलाकांत पटेल, मनोज पटेल, पूरन लाल पटेल, महेन्द्र पटेल, श्रवण पटेल, हलधर पटेल, विजय पंसारी, मोहन देवांगन, लालचंद वैष्णव, भोज प्रधान, कुबेरचरण नायक, नरोत्तम भोई, अशोक डडसेना, धनीराम चौहान, सालिकराम,जीतू वैष्णव, लवकुमार पटेल, डंकेश देवांगन, गिरीलाल पटेल, खगेश पटेल एवं ग्राम के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



### रेमड़ा स्कूल परिसर में रोपे गए अनेक पौधे

**बसना।** एक पौधा मां के लिए अभियान के तहत हाईस्कूल, मिडिल स्कूल और प्राथमिक विद्यालय रेमडा के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। छात्र-छात्राओं व शिक्षकवृंद ने विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधे जैसे पीपल, करंज, गुलमोहर, दशहरी आम, जाम, जामुन, आंवला, नीलगिरी, सिंदूरी, मोरिंगा लगाए गए। प्राचार्य वीरेंद्र कुमार साहू ने छात्रों को बताया कि पेड़-पौधे पर्यावरण में अहम भूमिका निभाते हैं। पेड़ का पत्ता हमें ऑक्सीजन देता है। एक पौधा लगाइए और अपना जीवन धन्य कीजिए। इस अवसर पर खगेश्वर पंडा, राजेश प्रधान, अशोक कुमार साहू, सुभाष धराई, रामरतन भोई, आशा शर्मा, रोशनी प्रधान एवं शिक्षिका मौजूद रहे।

# सर्वधर्म समभाव का उद्देश्य लेकर नपाध्यक्ष राशि के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

लोकसभा में विपक्ष के नेता व

**राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेसजनों ने सभी धर्मो के लोगों के साथ दिया धरना**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की छवि भारतीय जनता पार्टी द्वारा गलत रूप से पेश करने व उनके बयानों को तोड़-मरोड़ प्रचारित करने के खिलाफ शहर के नेहरू चौक में चारो धर्मो के प्रतीकों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेसजनों ने वर्तमान विपक्ष के नेता के पक्ष में नारेबाजी की व भाजपा के ऐसे गलत प्रयासों की निंदा की।

नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने



उपस्थितजनों से कहा कि लोकतंत्र में ऐसी पहली घटना है, जिसमें विपक्ष के नेता की छवि बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। विचारों की लड़ाई को छोड़ भाजपा निजी बयानों को गलत रूप से पेश कर एक धर्म विरोधी होने का प्रचार कर रही है। जबकि, वास्तविकता में राहुल गांधी सभी धर्मों के सम्मान की बाते पूर्व में भी कह चुके है। धरना प्रारंभ से पूर्व नेहरू की प्रतिमा में पुष्प गुच्छ अर्पित कर नपाध्यक्ष ने आंदोलन की शुरुआत की। धरने में पूर्व पार्षद गुरमीत चावला, तुलसी साहू, राजू साहू, अनवर हुसैन, प्रकाश आजमानी, नितेन्द्र बेनर्जी, अजय थवाईत, टोमन कागजी, निरंजना चन्द्राकर, माया पांडे, भूमिका ध्रुव, दशोदा ध्रुव, ईशा टंडन, मानकुंवर सोनम, रामटेके, एरिश अनवर, सोहेल खान, मोनू खनूजा कुणाल रंगारी, संघनजोत सिंघ, भोला चंद्राकर, नथिला सोना, विवेक चंद्राकर, राहुल आवड़े, सुरेंद्र ठाकुर समेत कांग्रेसजन व विभिन्न समाजजन मौजूद रहें।



### नर्रा में नवीन पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा

पुलिस अधीक्षक महासमुंद के निर्देशन में थाना कोमाखान के अंतर्गत ग्राम नर्रा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडे एवं बागबाहरा अनुविभागीय अधिकारी डॉ. यूलेंडन यार्क व कोमाखान थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार नाग, टुहलू चौकी प्रभारी मुरलीधर भोई व ग्राम प्रमुख सरपंच गोपाल किशन पटेल, नवीन पटेल, राजेंद्र गुप्ता, विजय शंकर निगम, मुकेश श्रीवास्तव, काशी यादव, राजेश त्रिपाठी, चिंतामणि चंद्राकर, आशीष गुप्ता, धरम पटेल, जीवन दास, फरीद खान, जगदीश पटेल सहित क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति में नवीन पुलिस सहायता केंद्र नर्रा का शुभारम्भ रिबन काटकर किया गया

## खेत से सोलर पम्प का सामान, अस्पताल परिसर से बाइक चोरी

**महासमुंद।** जिले के अलग-अलग थाना अंतर्गत अज्ञात चोरों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस ने उक्त सभी मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

तुमगांव थाना अंतर्गत अस्पताल के उद्घाटन में शामिल होने गए युवक की बाइक अज्ञात ने पार कर दी। ग्राम घोरभट्ठी निवासी शैलेन्द्र कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि 2 जुलाई की दोपहर करीब 2 बजे वह एक हॉस्पिटल के उद्घाटन में शामिल होने बाइक क्रमांक सीजी 04 एचपी 4293 से आया था और बाइक को हास्पिटल के बाहर बिना लॉक किए खड़ी कर अंदर चला गया। शाम करीब 5 बजे देखा तो बाइक वहां नहीं थी। सीसीटीवी में करीब 3 बजे बाइक को अज्ञात ले जाते दिख रहा है। पुलिस ने उक्त मामले में धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इसी तरह तेन्दूकोना थाना क्षेत्र में खेत से सोलर पंप सहित अन्य सामग्री चोरी का मामला सामने आया है। ग्राम खुसरूपाली निवासी लीलाधर ठाकुर ने पुलिस में शिकायत की है कि जंगल दादर खार से 27 जून की रात 8 बजे से 28 जून की सुबह 8 बजे के मध्य सोलर पंप की छतरी में लगे सोलर कंट्रोलर, केबल, पेनल केबल एवं पैनल सपोर्टिंग रॉड अज्ञात ने पार कर दी। पुलिस ने मामले में धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

**अस्पताल की पार्किंग से बाइक चोरी**

बसना स्थित अग्रवाल नर्सिंग होम की पार्किंग से एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया है। ग्राम जटाकन्हार निवासी बजराज भास्कर ने पुलिस को बताया कि 26 जून को उनके चाचा ने बाइक क्रमांक सीजी 06 जीटी 1769 को मेरे पास अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में छोड़ दिए। 27 जून की सुबह करीब 6 बजे बाइक वहां नहीं थी।

### चावल लेकर सिहावा गए ट्रक ड्राइवर ने की चोरी

**महासमुंद।** ट्रक में चावल लेकर सिहावा गए एक ट्रक ड्राइवर ने वहां की बस्ती के एक घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिया। करीब दो माह पुराने इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 411 भादसं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।सिटी कोतवाली पुलिस महासमुंद ने बताया कि आरोपी नोहर ध्रुव पिता अगनू ध्रुव (32 साल) निवासी वार्ड नं 24 सुभाष नगर महासमुंद थाना व जिला महासमुंद आरोपी ड्रायवरी का काम करता है और और ट्रक में चावल लेकर सिहावा धमतरी गया था। ट्रक को सरकारी बेयर हाउस में खड़ी कर खाली कराया। उसके बाद सिहावा से 5 से 10 किमी पहले मिल में चावल लोड करने गया, वहां पर गाड़ी खड़ी करने के बाद सिहावा बस्ती की ओर गया। बस्ती में एक व्यक्ति के घर रात्रि में घुसा और उसके पेटी में रखे चांदी का करधन, चांदी का सांटी, सोने का लॉकेट को चोरी कर अपने गाड़ी में चावल लोड कराने के बाद रायपुर गया। रायपुर में चावल को अनलोड कर वहा से महासमुंद आया। इसके बाद अपने घर की पेटी में चोरी किए चांदी का करधन, चांदी का सांटी, सोने का लॉकेट को रख दिया। इसी बीच 6 मई 2024 को मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि बस स्टैंड में एक व्यक्ति चांदी का सांटी लेकर बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। पुलिस ने वहां पहुंचकर चांदी का सांटी को जब्त कर किया और पूछताछ के बाद उसके घर से चांदी का करधन, सोने की लॉकेट को बरामद किया गया। इस तरह आरोपी के कब्जे से कुल चांदी का करधन वजन 1032 ग्राम, एक जोड़ी चांदी का साटी वजन 578 ग्राम, एक नग सोने का लॉकेट पत्ती वजन 1.300 ग्राम कुल कीमत 89950 रुपए बरामद किया गया था। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 379 भादवि का पाए जाने व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अर्नेश कुमार वि. बिहार राज्य में पारित नियमों का पालन कर 41(1)(बी)(ब) के तहत चेक लिस्ट तैयार कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दिया गया। प्रकरण अजमानतीय होने से आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। पुलिस ने बताया कि मामले में आज दिनांक तक जब्तशुदा सोने चांदी के जेवरात के माल स्वामी के संबंध मे पता तलाश किया गया, किंतु कुछ पता नहीं चल सका। इसलिए मामले के आरोपी के द्वारा चांदी का करधन, चांदी का सांटी, सोने का लॉकेट को चोरी करने एवं चोरी की संपत्ति को अपने आधिपत्य में रखने पर मामले में अपराध धारा 411 भादसं के तहत जुर्म दर्ज किया है।



# राहुल की टिप्पणी पर जताई आपत्ति हिंदू समाज ने सौंपा ज्ञापन

### हिंदुओं को हिंसक बातकर उनके प्रति आपत्तिजनक तथा निंदनीय टिप्पणी से बहुसंख्यक समाज में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

सर्व हिंदू समाज द्वारा कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कांग्रेस सांसद तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के पश्चात धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सोमवार को हिंदुओं को हिंसक बातकर उनके प्रति जो आपत्तिजनक तथा निंदनीय टिप्पणी की गई है, उससे देश का बहुसंख्यक समाज आक्रोषित और उद्वेलित है। नेता प्रतिपक्ष द्वारा देश के माहौल को जानबूझकर अशांत करने का प्रयास किया गया है। इसी कारण पूरे देश में उनका पुतला दहन किया जा रहा है। राष्ट्रपति से राहुल गांधी के इस अपमानित आचरण के विरुद्ध आवश्यक एवं कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से देवेंद्र दुबे, रितेश गोलछा, भरत चंद्राकर, आरएस चंद्राकर, भरत साहू, अशोक सिंह राजपूत, नरेश नायक, जय तम्बोली, हिमांशु तिवारी, धर्मेंद्र महोबिया, पवन पटेल, विजय महतो आदि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में कुपोषण के विरूद्ध लड़ाई सिर्फ सरकारी दिखावा : आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

आम आदमी पार्टी ने रेडी टू ईट से हो रही गड़बड़ी को लेकर सरकार पर हमला बोला है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा कि महिला बाल विकास विभाग गरीब बच्चों के प्रति भी पूरी तरह संवेदनहीन है। यह स्थिति निर्मित होना इस सरकार के कामकाज के तरीकों व सरकार की गंभीरता का पैमाना प्रदर्शित करता है। यह सरकार किस तरह गरीब बच्चों के मिलने वाले भोजन पर भी अंकुश लगाकर बैठी है। और ये ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 के अनुसार 125 देशों की सूची में हमारा देश 111वें पायदान पर आ गया है, जो देश में बढ़ती हुई भूखमरी और कुपोषण की भयावह स्थिति को दर्शाता है। इस मामले में देश के गरीब नागरिकों की स्थिति कितनी दयनीय है। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे पड़ोसी देश जैसे बांग्लादेश 81 पायदान, पाकिस्तान 102, नेपाल 69, श्रीलंका 60 पायदान पर है यानी हमसे बहुत अच्छी स्थिति में है। जहां 2022 में 107वें पायदान से गिर कर 2023 में 111वे पर पहुंच गए है।



वही जब हम पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात करते है तो मतलब साफ है कि सरकार समस्या के समाधान को लेकर पूरी तरह विफल है। उनके द्वारा बनाई गई योजना जमीन पर लागू नहीं हो पा रही है। शासन-प्रशासन में बैठे नेता व अधिकारी इस पर निगरानी नहीं रखते और न ही इसे जमीन पर डिलिवर्ड करवा पा रहे है, यह सरकार पूरी तरह इस योजना में विफल है। इस विफलता का सबसे बड़ा कारण सरकारी भ्रष्टाचार है या यू कहे दरअसल यह सरकार की नियत को दर्शाता है सरकार की लापरवाही का एक जीता- जगता उदाहरण छत्तीसगढ़ की बीजेपी सरकार मे दिख रहा है, जहां एक तरफ केंद्र सरकार कुपोषण से लड़ने का बड़ा बड़ा दावा करती है। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य की बीजेपी सरकार इस खोखले दावे का पोल खोल रही है। राज्य में कुपोषण से लड़ने की लिए रेडी टू ईट की एक बड़ी योजना सालो से चल रही है। वहीं बीजेपी सरकार रेडी टू ईट की सप्लाई राज्य के सभी जिलों में 1 महीने से बंद कर रखा है। बंद होने की सबसे बड़ी वजह सरकार ने सप्लाई करने वाली कंपनी का कई महीनों का भुगतान नहीं किया है और इससे ज्यादा दुर्भाग्य की बात यह है कि महिला बाल विकास मंत्री के बंगले पे महीनों से भुगतान की फ़ाइल रुकी है और उनकी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा यह है कि उन्हें पता ही नहीं है हमारे देश और राज्य के भविष्य हमारे बच्चों के स्वस्थ के लिए काम करने वाला सरकारी विभाग जब इतनी ज्यादा लापरवाह है, तो सहज़ अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूसरे विभागों की कितनी ज्यादा दुर्गति होगी। चंद्राकर ने आगे कहा है कि इस योजना का क्रियान्वयन की निरंतरता बनाना सरकार में बैठे जिम्मेदार लोग सुनिश्चित करें। अन्यथा इस पर आम आदमी पार्टी रणनीति बना कर आंदोलन करने पर बाध्य होगी।

# नर्रा कुलदीप निगम स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा

शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। क्षेत्र के जनपद सदस्य नामेश्वरी दीवान मुख्य अतिथि, सरपंच गोपालकिशन पटेल अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि के रूप में नवीन पटेल, विजय शंकर निगम, लेखमणि पटेल, आशीष गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी अतिथियों ने नवप्रवेशित छात्रों के साथ ही सभी अध्यनरत छात्रों का इस नए सत्र 2024-25 में तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। अतिथियों ने शासन से प्राप्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं कक्षा छटवी के छात्रों को निःशुल्क गणवेश का वितरण भी किया।



विशिष्ट अतिथि के आसंदी से बोलते हुए नवीन पटेल ने कहा कि विद्यार्थी अनुशासित रहकर अध्यापन करें, उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। शिक्षा हर बच्चे के लिए आवश्यक है, इसके बिना समाज में जीना बोझिल होता है, शिक्षा से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। विजय शंकर निगम ने कहा कि बच्चे अपने जीवन ऐसा कार्य करें कि उनके पालक बच्चों के नाम से पहचाने जाएं। लेखमणी पटेल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस विद्यालय अपनी एक विशेष पहचान बना चुका है।

आने वाले सभी नए छात्रों का यह दायित्व है कि विद्यालय में अनुशासित रहें, यह हमें जीवन जीना भी सिखाता है। इस शाला का और अपने समाज का नाम रोशन करें। प्राचार्य सुबोध तिवारी ने सभी नवप्रवेशी छात्रों को विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं अटल टिंकरिंग लैब, कंप्यूटर लैब, ऑटोमोबाइल लैब, इलेक्ट्रॉनिक्स लैब, विज्ञान लैब तथा लाइब्रेरी की जानकारी देते हुए बताया कि इस विद्यालय में न केवल पढ़ाई बल्कि जीवन जीने के लिए स्किल भी सिखाया भी जाता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक योगेश साहू ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता तुलाराम दीवान, पन्नालाल साहू, नीलिमा भोई, कामता प्रसाद साहू, दुर्गेश चंद्राकर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विकास कुमार साहू पिता अवध राम साहू निवासी नगर पंचायत तुमगांव जिला-महासमुंद, पिन- 493445 (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपने पुराने नाम को त्यागकर नया नाम विकास कुमार साहू पिता अवध राम रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम विकास कुमार साहू पिता अवध राम से ही जाना जाए।

**विकास कुमार साहू**
**नगर पंचायत तुमगांव**
**जिला- महासमुंद,**
**पिन-493445 (छ. ग.)**

### चार साल बाद रामनारायण सुरक्षित घर लौटे, जिला प्रशासन के प्रयास रहे सफल

**महासमुंद।** दिल छू लेने वाले पुनर्मिलन में चार साल से लापता ग्राम मोहड़ा जनपद पंचायत पिथौरा महासमुंद निवासी रामनारायण सुरक्षित घर लौट आए हैं। केरल के कालीकट के सरकारी मानसिक अस्पताल में भर्ती कराए गए रामनारायण को विशेष उपचार मिलने के बाद छुट्टी दे दी गई। मानसिक चिकित्सालय कालीकट के अधीक्षक से मिली जानकारी अनुसार रामनारायण को गृह ग्राम में सकुशल पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन एवं उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह से संपर्क किया गया और उनके सहयोग से रामनारायण के परिवार का पता लगाया गया और उसे घर वापस लाने की व्यवस्था की गई। आर्थिक तंगी के कारण, परिवार रामनारायण को वापस लाने के लिए केरल की यात्रा करने में असमर्थ था। कलेक्टर मलिक ने परिवार के दो सदस्यों को कालीकट की यात्रा के लिए रेल टिकट की तत्परता से व्यवस्था की। 18 जून को रामनारायण अपने परिवार के सदस्यों के साथ ट्रेन से रायपुर लौट आए और उन्हें अपने गांव वापस लाया गया। रामनारायण को पाकर उनकी मां और उनके परिवारजनों की आंखे नम हो गई।

**खबर संक्षेप**

## पेंशनर कल्याण संघ की बैठक आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद की अति आवश्यक बैठक 5 जुलाई 2024 को दोपहर 2 बजे पेंशनर भवन महासमुंद में आहूत की गई है। बैठक में नए पेंशनरों का सम्मान, ऐसे सदस्य जिनका जन्मदिन है, उनका जन्मदिन मनाने, आने वाले सावन माह में महिला एवं पुरुष पेंशनर का पृथक पृथक कार्यक्रम आयोजन करने, सावन माह में तीर्थ यात्रा, पेंशनर की समस्याओं एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी पेंशनधारी कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष डा अशोक गिरि गोस्वामी ने दी है।

## तुमगांव के युवाओं के लिए तैयार हो रहा मल्टीस्पेशल जिम

**महासमुंद।** तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी व समस्त पार्षदों के प्रयास से नगर में अनेक विकास के कार्य कराए जा रहे है। इसी कड़ी में युवाओं के फिजिकल फिट शारीरिक स्वस्थ के लिए शानदार आधुनिक तकनीक से लैस मल्टीस्पेशल जिम तैयार किया जा रहा है। यहां लंबे समय से आधुनिक जिम की मांग की जा रही थी। वर्तमान जनप्रतिनिधियों के प्रयास से जिम बिल्डिंग वार्ड नं 3 रेस्टहाउस के बगल में बनवाया जा रहा है।

**निधन**

## आसबती साहू



**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह निवासी आसबती बाई साहू (80) का देहांत 3 जुलाई बुधवार को हो गया। अंतिम संस्कार प्रातः 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे पुनीतराम साहू की पत्नी व मेघनाथ साहू की मां थीं।

# विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कांग्रेसियों ने की कलेक्टर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने महासमुंद कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रभात मालिक से समस्याओं का समाधान के लिए सौजन्य भेंट मुलाकात किया गया। प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष एवं छाया विधायक महासमुंद डॉ. रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में महासमुंद के विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए चर्चा कर समाधान की मांग की गई।

नगर में हो रहे दुर्घटनाओं को देखते हुए रिंग रोड के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव केंद्र शासन को भेजने की मांग की गई। जिला अस्पताल महासमुंद अभी भी मेडिकल कॉलेज का दर्जा प्राप्त होने के पश्चात भी रेफर सेंटर के रूप में कार्य कर रही है। यहां सिटी स्कैन मशीन, डायलिसिस मशीन और बड़ी बीमारियों से संबंधित विभिन्न मशीनों का अभाव है या खराब है या विशेषज्ञों की कमी है। जिसके कारण महासमुंद के आम नागरिकों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को रायपुर रिफर किया जा रहा है या सरकारी डॉक्टर द्वारा अपने निजी निवास में निजी डिस्पेंसरी बुलाकर इलाज किया जा रहा है। ब्लड बैंक की सुविधा होने के बावजूद भी मरीज को ब्लड उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जबकि, महासमुंद के रक्तदान दाताओं द्वारा हमेशा आए दिन रक्तदान किया जाता है। अभी भी अस्पताल के कई पोस्ट खाली है, जिसे भरे बिना व्यवस्था सुचारू रूप से कार्य नहीं किया जा सकता। बीजेपी पार्टी जिस शराब को बंद करने की बात कर चुनाव लड़ी थी, प्रदेश समेत महासमुंद में शराब माफिया द्वारा अवैध शराब गली-गली में बेचा जा रहा है। कोई इसका सुध लेने वाले नही है।

अवैध गुटखा का बाजार गर्म है। कोई उसे रोकने टोकने वाला नहीं है। शहर का विकास रुका हुआ है, हर तरफ दो नंबर काम करने वालों का साम्राज्य स्थापित हो गया है। महासमुंद तहसील कार्यालय में आम लोगों का कार्य हो नहीं पा रहा है। नगर निवेश में जनता को घुमाया जा रहा है। दलालों के मार्फत काम किया जा रहा है, ऐसे अनेक समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया गया। अंत में महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद एवं मेडिकल कॉलेज हॉस्टल जाने वाले मचेवा रोड में तालाब सौंदर्यीकरण एवं विद्युत लगवाने के लिए की मांग की। जिससे रात्रि को छात्र-छात्राओं को आने जाने में सुविधा हो। बेलसोंडा रेलवे फाटक शीघ्र आरंभ करवाने की मांग की गई। इस दौरान डॉ.रश्मि चंद्राकर जिलाध्यक्ष व छाया विधायक महासमुंद, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष महासमुंद, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुनील शर्मा, संयुक्त महामंत्री सोमेश दवे, शहर महामंत्री गुरमीत चावला, मीडिया प्रभारी निर्मल जैन आरिफ बेग, पूर्व पार्षद शकील खान समेत अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# समावेशी शिक्षाः विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को मोबाइल और लैपटॉप बांटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ समावेशी शिक्षा अंतर्गत दृष्टिबाधित और अल्प दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को मोबाइल व लैपटॉप वितरण किया गया। साथ ही उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। विधायक सिन्हा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को भी शिक्षा एवं समाज की मुख्य धारा के पथ पर अग्रसर करने के लिए समावेशित शिक्षा के माध्यम से सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सम्प्रेषण, सूचना एवं प्रौद्योगिकी के युग में राष्ट्र के विकास का आधार शिक्षा है। समग्र शिक्षा अभियान द्वारा प्रारंभिक शिक्षा अंतर्गत 6 वर्ष से 14 वर्ष आयु वर्ग के समस्त सामान्य एवं दिव्यांग बच्चों को समान अवसर उपलब्ध कराकर प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने के सार्थक प्रयास किए हैं। इसके अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं को वंचित नहीं किया गया है। इन बच्चों को शिक्षा एवं समाज के मुख्य धारा के पथ पर अग्रसर करने के लिए समावेशित शिक्षा के माध्यम से लागतार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान वरिष्ठ नेतागण रमेश साहू, मंगेश टांकसाले, रिसोर्स पर्सन अशोक जांगिड़, लेजल पटेल, साइट सेवर्स इंडिया टीम के उर्मीमाला सेनगुप्ता, सुरेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

**बिजनेस साईट**

# चिकित्सक दिवस पर सोहम अस्पताल और निदेशक डॉ. युगल हुए स्वास्थ्य मंत्री के हाथों सम्मानित



**महासमुंद।** चिकित्सक दिवस पर सोहम क्रिटिकल केयर और मातृत्व अस्पताल के निदेशक डॉ. युगल चंद्राकर को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल द्वारा आईसीयू (क्रिटिकल केयर) के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया। इस सम्मान समारोह में सोहम अस्पताल की सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही डॉ. सोमी चंद्राकर को भी सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन सोहम अस्पताल के प्रांगण में हुआ, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने स्वयं उपस्थित होकर डॉ. युगल चंद्राकर और डॉ. सोमी चंद्राकर को सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सोहम अस्पताल ने क्रिटिकल केयर के क्षेत्र में जो अद्वितीय योगदान दिया है, वह काबिले-तारीफ है। सम्मान समारोह में स्थानीय प्रशासन, चिकित्सा समुदाय के प्रमुख सदस्य और गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने अपने भाषण में कहा कि सोहम अस्पताल ने गंभीर रोगियों की सेवा में जो योगदान दिया है, वह असाधारण है। डॉ. युगल चंद्राकर और डॉ. सोमी चंद्राकर की नेतृत्व क्षमता और समर्पण ने इस अस्पताल को एक नई पहचान दिलाई है। डॉ. युगल चंद्राकर ने समारोह के बाद कहा कि यह सम्मान हमें अपने मरीजों की और भी बेहतर सेवा करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। हम अपनी टीम के हर सदस्य के आभारी हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से हमें इस सम्मान के योग्य बनाया।

# 6 माह के कार्यकाल में 16 हजार करोड़ कर्ज लेने वालों के पास रेडी टू ईट भुगतान के लिए पैसे नहीं : विनोद

## प्रदेश में सुशासन की ढोल पीटने वालों द्वारा की जा रही जमकर कमीशनखोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने प्रदेश में रेडी टू ईट की सप्लाई बंद होने पर इसे संबंधित मंत्री के भ्रष्ट रवैए का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न कोई नई योजना बनी, ना ही कोई विजन, यहां तक पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल के उन महत्वपूर्ण योजनाओं को भाजपा के साय सरकार द्वारा बंद कर दिया गया। जिसके माध्यम से प्रदेश की जनता को सीधा लाभ पहुंच रहा था। साय सरकार द्वारा रेडी टू ईट का भुगतान भी नहीं किया जा रहा। फिर भी किस उद्देश्य से महज 6 माह के कार्यकाल में इन्होंने 16 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया। यह जनता को बताना चाहिए।

चंद्राकर ने कहा कि महिला बाल विकास मंत्री के बंगले में रेडी टू ईट के भुगतान संबंधित फाइल को महीनेभर से अधिक समय तक मंत्री द्वारा रोक दिया गया है। विधानसभा चुनाव के पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रेडी टू ईट को आवश्यक वस्तु आपूर्ति की श्रेणी में रखकर अक्टूबर 2023 तक का पूरा भुगतान रेडी टू ईट आपूर्ति करने वाली कंपनी को कर दिया था। चुनाव के बाद भाजपा सरकार बनते ही इस महत्वपूर्ण वस्तु के भुगतान प्रक्रिया में गड़बड़ी शुरू हो गई। कई महीने भुगतान रोकने के कारण कई कंपनियों ने सप्लाई करने में असमर्थता जताई तब कुछ भुगतान उन्हें किया गया। अब महिला बाल विकास मंत्री की कमीशन की लालसा ने बच्चों के पोषण आहार की आपूर्ति को बाधित कर दिया है।

चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के 50 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में लगभग 22 लाख से अधिक बच्चे और 2 लाख 45 हजार से अधिक महिलाओं को रेडी टू ईट पोषण आहार का वितरण कर उन्हें सुपोषित किया जाना है। सप्ताह में तीन दिन रेडी टू ईट के नाश्ता बनाकर बच्चों व महिलाओं को परोसने का नियम है। लेकिन, सरकार द्वारा आपूर्ति कर्ता कंपनी को भुगतान नहीं करने से रेडी टू ईट की सप्लाई एक महीने से बंद है, जिसका प्रभाव आंगनबाड़ी के छोटे बच्चों व महिलाओं के सेहत पर पड़ेगा। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रदेश में सुशासन की ढोल पीटने वालों द्वारा जमकर कमीशन खोरी की जा रही है और जहां कमीशन नहीं मिल रहा उनका भुगतान रोका जा रहा है। भले ही इसका सीधा संबंध प्रदेश के लाखों ननिहालों के स्वास्थ से ही क्यों ना जुड़ा हो।



## खबर संक्षेप



### हिच्छा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** ग्राम हिच्छा के मिडिल स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाकर छात्रों को पाठ्य-पुस्तकों और गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला के पूर्व अध्यक्ष एवं अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के महासमुंद ब्लाक अध्यक्ष हेमलाल यादव थे। इस अवसर पर दाऊ सिंह दीवान, संतोष कुमार बजाज, ईश्वर साहू, सुरेश चंद्राकर, प्रमोद कुमार चंद्राकर, मयाराम साहू, लालचंद साहू, लखनलाल साहू एवं खेमबाई साहू आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### जिले में अब तक 156.5 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद।** जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 156.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 229.4 मिलीमीटर, बसना में 192.4 मिलीमीटर, सरायपाली में 163.4 मिलीमीटर, बागबाहरा में 137.9 मिलीमीटर, पिथौरा में 135.7 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 80.6 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 4 जुलाई को 6.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में बसना तहसील में 14.8 मिलीमीटर, महासमुंद में 9.0 मिमी, सरायपाली में 5.8 , पिथौरा में 5.3 , बागबाहरा में 4.7 मिमी और सबसे कम वर्षा 2.3 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई।

# कुष्ठ मुक्त पंचायत बनाने गांवों में चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेसिया एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढ़ई के मार्गदर्शन में कुष्ठ मुक्त पंचायत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत नर्रा में घर घर भ्रमण कर सर्वे किया गया।

कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए आरएचओ डिगेंद्र परमार ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने बहुत पहले ही कुष्ठ मुक्त पंचायत का सपना देखा था, उसी संकल्प को लेकर आज हम यह सर्वे अभियान चला रहे हैं। बहुत से पाश्चात्य देशों ने कम संसाधनों के माध्यम से ही कुष्ठ रोग को अपने देश से दूर भगा दिया है। लेकिन, हम आज भी भारत में इसे ढो रहे है और खासकर हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़। आरएचओ डिलेश्वरी परमार चित्र व फोल्डर के माध्यम से कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षण, पहचान व निदान की संपूर्ण जानकारी लोगों को प्रदान की। उन्होंने कहा कि कुष्ठ जिसे लेप्रोसी भी कहा जाता है, एक बैक्टेरियल रोग है जो मानव त्वचा व तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। यह रोग माइकोबैक्टेरियम लेप्री नामक कीटाणु से होता है जो मानव शरीर में धीरे-धीरे विकसित होता है। तंत्रिकाओं के प्रभावित होने से ही इस रोग में विकृतियां होती है। कुष्ठ रोग के संक्रमण का पहला संकेत एक छोटे से दाग के रूप में होता है। बहु औषधि उपचार प्रणाली दवा के संयोजन से जो बहुत ही कारगर दवा है। समय पर लेने से रोग व विकृतियां से बच जाता है। इस रोग के इलाज की दिशा में प्रगति, पीड़ितों के लिए सरलता से जांच व इलाज की उपलब्धता बेहतर करने साथ ही कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक को मिटाने और कुष्ठ रोगियों को बेहतर जीवन देने के लिए सामाजिक प्रयासों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। सर्वे एवं सत्यापन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोमाखान के पूर्व कुष्ठ रोग प्रभारी अरुण शुक्ला का विशेष योगदान रहा।



सर्वे में कुल 8 शंकास्पद मरीज मिले थे, जिसमें से 1 पीबी मरीज की पुष्टि हुई है। सर्वे कार्य में आरएचओ गजेंद्र चंद्राकर, पूरन ध्रुव, राजू चंद्राकर, पदमन साव, लखन ध्रुव, हेमेश्वरी ध्रुव, रामेश्वरी चक्रधारी, मितानिन माधुरी बेलदार, अमोतीन पटेल, संतोषी पटेल, सावित्री विश्वकर्मा, हेमलता साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नए शिक्षा सत्र को एक उत्सव के रुप में मनाते हुए गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलडीह में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के साथ अन्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, मां भारती व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर, दीप प्रज्ज्वलित कर राज्य गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य कर फुलमाला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल व अन्य अतिथियों सहित अधिकारियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, फुलमाला पहनाकर, पाठ्य पुस्तक, शाला गणवेश वितरण कर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने विद्यालय प्रांगणों में पौधारोपण कर सभी को पेड़ पौधा लगाने के लिए प्रेरित किए। मुख्य अतिथि विधायक डॉ अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज की पीढ़ी के अनुसार 21वीं सदी की योग्यता के अनुरूप शिक्षा प्राप्त करना है और पढ़ लिखकर अच्छा नागरिक बनकर अच्छे-अच्छे नौकरी में जाकर तथा अपना स्वयं का व्यापार खड़ा कर माता-पिता का नाम रोशन करें।



उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए सजग है। साथ ही विद्यालय परिसर को हरा भरा करने के लिए पौधारोपण करना अनिवार्य है। सभी संकल्प लें की हमारा बसना विधानसभा क्षेत्र स्वच्छ और सुंदर बने। साथ ही विधायक ने विद्यालय प्रांगणों में वृक्षारोपण कर सभी को पेड़ पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर एक पेड़ मां के नाम इस थीम पर पूरे राज्य के स्कूलों में पौधारोपण करने का अभियान चलाया जा रहा है। विधायक डॉ.संपत अग्रवाल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए बताया कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में पेड़ पौधों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

उन्होंने कहा कि अपने परिजन की स्मृति में पौध रोपण करें। पेड़ पौधों के कारण वातावरण का शुद्ध और तापमान नियंत्रित रहता है। पेड़ पौधों पर ही हमारे जीवन का भविष्य निर्भर रहता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे स्वयं तो पौधे लगाएंगे। साथ ही अपने परिवार के सदस्यों एवं दोस्तों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रमों के दौरान विद्यालय परिवार की तरफ से विधायक डॉ. संपत अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण और विद्यार्थीगण मौजूद रहे।





